संख्या ए 11019/01/2003-सीजीएचएस-1
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
सीजीएचएस प्रभाग
(सीजीएचएस-I अनुभाग)

कमरा संख्या 514, ए-विंग
निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक 19.1.2016

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय
(रेल मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय सहित)
2. सभी राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन
3. केन्द्र/राज्य सरकार/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधीन सभी सांविधिक निकाय/स्वायत्त् निकाय/अर्ध-सरकारी संगठन।

विषय : केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना, मुंबई में लेखा अधिकारी के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में ।

महोदय,

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, के.स.स्वा.यो. प्रभाग ने केन्द्र सरकार (रेल मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय सहित) अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा केन्द्र/राज्य सरकारों के अधीन सांविधिक निकायों/स्वायत्त निकायों, अर्ध-सरकारी संगठनों में समकक्ष पद धारण किए हुए व्यक्तियों में से लेखा अधिकारी के पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने का निर्णय लिया है।

2. नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण किए हुए ऐसे अधिकारी, जिनके पास अनुलग्नक –I में उल्लिखित अपेक्षित अर्हता और अनुभव हो तथा अपने मूल संगठन में परिवीक्षा अवधि को पूरा कर लिया हो, सीजीएचएस में प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए अपने पदनाम और उपसंवर्ग का उल्लेख करते हुए उचित माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रतिनियुक्ति (तदर्थ) आधार पर कार्यरत सभी अधिकारी भी आवेदन कर सकते हैं। पद से संबंधित विवरण,वेतनमान, अर्हता और अपेक्षित अनुभव का उल्लेख अनुलग्नक -I में किया गया है। अर्हता आदि से संबंधित विवरण मंत्रालय की वेबसाइट http://mohfw.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

3. प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के.स.स्वा. यो., मुंबई के लिए की जायेगी। चयनित अधिकारी का स्थानांतरण भारत में कहीं भी किया जा सकता है।

4. के.स.स्वा.यो. में प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु चयनित अधिकारी उन्हें मान्य वेतनमान में ग्रेड वेतन आहरित कर सकते हैं जिसके अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति भत्ता और उन्हें उनके मूल संवर्ग में अन्य मान्य भत्ते देय होंगे अथवा सीजीएचएस में उपयुक्त ग्रेड में अपना वेतन आहरित कर सकेंगे। प्रतिनियुक्ति की अवधि समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना (लेखा अधिकारी) भर्ती नियमावली, 1996 द्वारा शासित होगी। तथापि, यह मंत्रालय नियमित भर्ती होने की स्थिति में अथवा किसी कारणवश नीतिगत बदलाव होने की स्थिति में प्रतिनियुक्ति काल

को समाप्त भी कर सकेगा। प्रतिनियुक्ति की शर्तें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा निर्धारित प्रतिनियुक्ति संबंधी मानक शर्तों द्वारा शासित होंगी।

5. आवेदन अनुलग्नक-I में यथा उल्लिखित प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु विचार के लिए निर्धारित प्रपत्र (अनुलग्नक- II) में अवर सचिव (प्रशासन) सीजीएचएस, कमरा संख्या 430, सी विंग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-11 को इस पत्र के जारी होने के 45 दिन के भीतर अग्रेषित किया जाए । सभी आवेदन इस मंत्रालय में उचित माध्यम द्वारा निर्धारित समय सीमा में पहुंच जाने चाहिए। अग्रिम तौर पर भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

7. आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय इस मंत्रालय को आवेदन के साथ कृपया निम्नलिखित कागजात भी भेजे जाएं:

(i) इस आशय का एक प्रमाणपत्र कि संबंधित अधिकारी की सीएचएस में प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति पर राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र अथवा मूल विभाग/संगठन को कोई आपत्ति नहीं है।

(ii) आवेदक की पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां ।

(iii) सीजीएचएस के तहत प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अनुसंशित अधिकारी की सत्यनिष्ठा संबंधी प्रमाण पत्र।

(iv) उपयुक्त स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र।

(v) पिछले 10 वर्षों/सेवाकाल ( जो भी कम हो) के दौरान अधिकारी पर प्रभारित बड़े/छोटे दंड से संबंधित प्रमाण पत्र।

उपर्युक्त उल्लिखित कागजातों के बिना प्राप्त अपूर्ण आवेदनों को तत्काल रद्द कर दिया जायेगा। यदि अपेक्षित कागजातों के साथ आवेदन की प्राप्ति निर्धारित समय सीमा में नहीं होती है तो यह माना जायेगा कि मूल संगठन आवेदक के प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के पक्ष में नहीं है। यह मंत्रालय ऊपर उल्लिखित कागजातों के संग्रहण हेतु जिम्मेदार नहीं होगा।

(धर्मेन्द्र सिंह )
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23062666

संलग्नक : यथोपरि

प्रतिलिपि :

1. निदेशक, श्रव्य एवं दृश्य प्रचार, श्रव्य एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, फेज-IV, सूचना भवन, सीजीओ कॉमप्लेक्स, लोदीरोड, नई दिल्ली -110003 को इस अनुरोध के साथ कि रिक्ति संबंधी परिपत्र को रोजगार समाचार और प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में तत्काल प्रकाशित कराएं।

2. वरिष्ठ निदेशक, (तकनीकी) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि मंत्रालय की वेबसाइट पर रिक्ति संबंधी परिपत्र को स्थान दें।

(धर्मेन्द्र सिंह )
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23062666

अनुलग्नक-I

| | | |
|---|---|---|
| पद का नाम | : | लेखा अधिकारी |
| पद की संख्या | : | एक |
| पद का वेतनमान: | | 7450-11500/- रु (संशोधन-पूर्व)<br>संशोधित वेतन बैंड-2 (9300-34,800) + 4600/- रु ग्रेड पे) |

<u>योग्यता और अनुभव :</u>

कोई व्यक्ति जो मूल संवर्ग/ विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पदधारी हो, अथवा वेतन बैंड-2 (9300/- 34800/- रुपए) ग्रेड वेतन 4600/- रुपए (संशोधन पूर्व 5500-175-9000 रुपए) में नियमित आधार पर अथवा मूल संवर्ग/विभाग में समकक्ष ग्रेड वेतन में पांच वर्ष की सेवा की हो और केन्द्रीय सरकार के लेखा विभाग द्वारा आयोजित एसएएस अथवा कोई समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, अथवा सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान से रोकड़ और लेखा में सफल प्रशिक्षण लिया हो अथवा समकक्ष और रोकड़, लेखा और बजट कार्य में दो वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो।

अनुलग्नक-II

## प्रपत्र

1. आवेदित पद का नाम :
2. नाम तथा वर्तमान पद :
3. वेतन मान सहित आरंभिक नियुक्ति की तिथि :
4. वर्तमान वेतनमान :
5. पूरा स्पष्ट पता :
6. जन्मतिथि (ईसवी सन् में) :
7. कन्द्रीय/ राज्य सरकार निमावली के तहत सेवा निवृत्ति की तिथि :
8. शैक्षणिक योग्यता :
9. क्या पद हेतु अपेक्षित शैक्षणिक व अन्य योग्यता पूर्ण है। (यदि किसी योग्यता को नियमावली में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है तो योग्यता से संबंधित प्राधिकरण का उल्लेख करें) :

| योग्यताएं / अपेक्षित अनुभव | ग्यताएं / अधिकारी द्वारा प्राप्त अनुभव |
|---|---|
| | |
| अनिवार्य | |
| | |
| | |
| | |
| वांछनीय | |
| | |

10. कृपया उपर्युक्त प्रविष्टियों के आलोक में स्पष्ट करें कि आप इस पद की अपेक्षाओं को पूरा करते है।
11. तिथि क्रमानुसार रोजगार का ब्यौरा / यदि स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर तथा नियोक्ता द्वारा स्त्यापित अलग सीट संलग्न करें।

| कार्यालय / संस्थान / संगठन | धारित पद | से | तक | वेतन मान व मूल वेतन | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात्
तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा स्थाई :

13. क्या परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप
से पूरी की गई है। :

14. वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार
पर है तो बताएं-

(क) आरंभिक नियुक्ति की तिथि :

(ख) प्रतिनियुक्ति / संविदा पर नियुक्ति
की अवधि :

(ग) मूल कार्यालय / संगठन का नाम जिससे
आप संबंधित हैं :

15. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरा/
कृपया बताएं कि किस में कार्यरत हैं :

(क) केन्द्रीय सरकार
(ख) राज्य सरकार
(ग) स्वायत्त संगठन
(घ) सरकारी उपक्रम
(ड़) विश्वविद्यालय

16. कृपया बताएं क्या पूर्ण में किसी राज्य सरकार अथवा
केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर थे। :

17. कृपया बताएं क्या पूर्व में अनाधिकृत अनुपस्थिति,
असाधारण अवकाश अथवा अदेय अवकाश (एलएनडी) :
ली है।

18. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां,
तो संशोधन की तिथि और संशोधनपूर्व वेतनमान :
भी बताएं।

19. वर्तमान में आहरित कुल परिलब्धियां (वेतन बैंड, बैंड :
वेतन और ग्रेड वेतन का अलग-अलग उल्लेख करते हुए)

20. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो जो आप इस पद की योग्यता
के समर्थन में बताना चाहें। यदि स्थान अपर्याप्त हो तो कृपया :
अलग सीट संलग्न करें और नियोक्ता

21. क्या अ.जा / अ.ज.जा / अ.पि.व से संबंधित है :

22. अभ्युक्तियां :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता........................

............................

दिनांक ..................

प्रतिहस्ताक्षरित ..................

(नियोक्ता)